स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 20.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

बड़े उत्साह के साथ मनाया गया, महावृक्षारोपण पर्व निगम भिलाई क्षेत्र में

भिलाईनगर/भिलाई क्षेत्र को हराभरा रखने एवं प्रदुषण मुक्त वातावरण बनाये रखने के लिए छ0ग0 शासन की केबिनेट मंत्री रमशीला साहू, वैशाली नगर विधायक विद्यारतन भसीन, सभापति पी. श्यामसुन्दर राव, सभी जोन के जोन अध्यक्ष, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, स्कुल कॉलेज के छात्र–छात्राओं के साथ नगर निगम भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान ने सबके सहयोग से 10 हजार से अधिक वृक्षारोपण नगर के विभिन्न जोनों में सुबह 9 बजे से किया । प्रमुख वृक्षों में नीम, अमलताश, सेमीमा, आंवला, गुलमोहर, पुजजीता, सेमर, कचनार, मोलजी, अर्जुन, कनेर, बॉटलपॉम, जामुन, मुंन्गा, स्टोपीटीमॉ, टीकोमा, आदि प्रकार के वृक्ष लगाये गये।

इस बार महावृक्षारोपण अभियान में नगर निगम भिलाई द्वारा यह प्रयास किया गया कि शहर के सभी क्षेत्रों को हराभरा रखने के लिए अलग–अलग जगहों पर पौधा रोपण किया गया। इसके लिए सुबह से ही प्रोग्रामिंग हो गया था सभी जोन के जोन आयुक्त अपने–अपने जोनों में जनप्रतिनिधियों, छात्र–छात्राओं, स्कुल कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षकजनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिला संगठनों के सहयोग से चिन्हित स्थानों में वृक्षारोपण करवाये। विधायक भसीन ने कहा कि वृक्षारोपण करने के साथ–साथ वृक्षों को बचाना उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। यह सबके सहयोग से ही संभव होगा।

हुडको क्षेत्र के शिव मंदिर के पास तालाब के किनारें वृक्षारोपण करते हुए आयुक्त के0एल0 चौहान ने पेड़ लगाने के तरीके भी बच्चों के साथ–साथ जनप्रतिनिधियों को बताये। पहले गड्ढ़ा खोदे उसके बाद उसी मिट्टी से उस गड्ढ़े को पाटकर दबा दें, फिर उसी स्थल पर थोड़ा सा गड्ढ़ा पौधे का जड़ जाने तक करके पौंधे को लगा देवें उपर तक मिट्टी डाल दें उसके बाद थोड़ा सा पानी अवश्य डालें। इससे नीचे की जमीन पोला हो जायेगा पेड़ जल्दी विकास करेगा। अक्सर हमसब गड्ढ़ा खोदकर सीधे पौधारोपण कर देते हैं इससे पानी रुक जाने से पौधे गल जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्कुल कॉलेज के बच्चों एवं जनप्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि जो पेड़ हम लगा रहें है उसकी रक्षा भी हमसब मिलकर करेंगे। आयुक्त चौहान ने सभी जनप्रतिनिधियो, सामाजिक संस्थाओं, स्कुल,कॉलेज के छात्र–छात्राओं के साथ कार्य में लगे कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

जनसम्पर्क अधिकारी